wagadsandesh.com

वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-31 सागवाड़ा, शनिवार,25 सितम्बर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

महिला परीक्षार्थी की शिकायत पर अंबाड़ा निवास पीटीआई व उसका भतीजा गिरफ्तार

रीट परीक्षा से पूर्व प्रश्न पत्र देकर परीक्षा पास करवाने के नाम पर बेरोजगार युवाओं से राशि हडपने का मामला

डूंगरपुर। जिले की पुलिस की स्पेशल टीम व सागवाडा थाना पुलिस ने रीट परीक्षा से पूर्व प्रश्न पत्र देकर परीक्षा पास करवाने के नाम पर बेरोजगार युवाओं से राशि हडपने के मामले में एक सरकारी पीटीआई व उसके भतीजे को गिरफ्तार किया है। सागवाड़ा थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया डीएसटी को अम्बाडा गांव निवासी उच्च प्राथमिक विधालय जादेल के शारीरिक शिक्षक हरीश पाटीदार और भतीजे मनीष पाटीदार द्वारा बेरोजगार युवाओं से रीट परीक्षा से पूर्व पेपर देकर परीक्षा पास करवाने के नाम पर राशी लेने की सुचना मिली थी। जिस पर डीएसटी व सागवाडा थाना पुलिस ने मिली सुचना की जानकारी जुटाई इस दौरान नादिया निवासी मीनाक्षी नाम की महिला सामने आई जिसने बताया की अंबाडा निवासी उच्च प्राथमिक विधालय जादेला के शारीरिक शिक्षक हरीश पाटीदार और भतीजे मनीष पाटीदार ने उनसे और उनके मौसी के लड़के गडाजसराजपुर निवासी पियूष पाटीदार से संपर्क किया था और कहा था कि परीक्षा से पहले मॉडल पेपर देंगे और उसके लिए प्रति अभ्यर्थी 12 लाख में सौदा तय हुआ था और दोनों अभ्यर्थियों से डेढ़ लाख ले भी लिए।अब जब मीनाक्षी मॉडल पेपर मांगने गयी तो आरोपियों ने मॉडल पेपर की जगह सीधे रीट का प्रश्न पत्र ही देने की बात कही। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। वही पुलिस ने बताया कि इस मामले में आरोपियों से पूछताछ जारी है और पूर्व में हुई प्रतियोगिता परीक्षाओ के तार इस मामले से जुड़े हुए होने का अंदेशा है ।

रीट - 176 केन्द्रों पहली पारी में 32 हजार और दूसरी पारी में 28 हजार से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा देंगे

पांच सौ से अधिक विभिन्न स्तर के जांच अधिकारियों की रहेंगी पैनी नज़र

डूंगरपुर। जिले में रविवार 26 सितंबर को 176 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होने वाली रीट परीक्षा 2021 के सफल आयोजन हेतु समस्त व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देते हुए प्रशासन मुस्तैद हो गया है। कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने बताया कि जिले में रीट परीक्षा 2021 के लिये 176 परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम पारी में 32492 जबकि द्वितीय पारी में 28248 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। जिले में परीक्षा के सुचारू संपादन हेतु कुल 176 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 134 राजकीय तथा 42 निजी है। उन्होंने बताया कि जिले में अन्य जिलों से कुल 22242 परीक्षार्थी आयेंगे जबकि 24748 परीक्षार्थी जिले से बाहर जायेंगे। इन सभी के आवागमन हेतु समुचित प्रबंधन के लिए प्रशासन द्वारा पूरे प्रयास किये गये है। उन्होंने बताया कि परीक्षा में किसी प्रकार की अनियमितता नही हो इसके लिए पुलिस प्रशासन, साइबर सेल पूर्ण रूप से मुस्तैद है। इसके साथ ही विभिन्न स्तरों पर पांच सौ से अधिक जांच अधिकारियों की भी पैनी नज़र रहेंगी। उन्होंने बताया कि 176 पर्यवेक्षक, 176 केन्द्राधिक्षक नियुक्त किये गये है। इसके अलावा 37 फ्लाईंग दलों का गठन किया गया है जिसमें प्रत्येक में दो से तीन अधिकारी नियुक्त है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से तीन अधिकारी, पेपर कोर्डिनेटर हेतु 37 अधिकारी, पेपर वितरण एवं संग्रहण हेतु अधिकारी, थाना अधिकारी एवं इसके साथ अन्य अधिकारीगण तथा विभिन्न स्तरों पर उपखंड अधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। परीक्षा के सुचारू संपादन हेतु कुल 3215 वीक्षक लगाए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने कहा कि रीट परीक्षा को पूरी गंभीरता के साथ संपादित करवाया जाएगा । इसमें कानून एवं व्यवस्था बनाएं रखने एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए एसएचओ स्तर पर प्रशासन के साथ संयुक्त टीमें बनाई गई है।

परीक्षा केन्द्रों पर मोबाइल एवं मल्टी मीडिया प्रतिबंध

रीट परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा केवल केन्द्राधिक्षक के पास कीपैड वाला मोबाइल रहेगा। परीक्षा केन्द्र में किसी भी अन्य व्यक्ति के पास मल्टीमीडिया अथवा मोबाइल पाये जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर होगी विडियोग्राफी

बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर वीडियोग्राफी के समुचित प्रबंधन एवं विडियोंग्राफी के निर्देश प्रदान किये गये है। परीक्षार्थी के प्रवेश से लेकर अन्य विभिन्न स्तरों पर विडियोंग्राफी हेतु बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों की पूर्ण पालना हेतु पाबंद किया गया है।

फर्जीवाड़े के खेल में लड़कियां भी शामिल, असली अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देने के लिए 10 लाख रुपए में किया सौदा

एडमिट कार्ड पर फर्जी फोटो भी चिपकाया

जयपुर। रीट से एक दिन पहले जयपुर में पुलिस ने जालोर से परीक्षा देने आई दो युवतियों को गिरफ्तार किया है। यह पहला मामला है, जब रीट में फर्जी अभ्यर्थी बनकर परीक्षा देने के मामले में युवतियां पकड़ी गई हैं।

डीसीपी (पश्चिम) ऋचा तोमर ने बताया कि गिरफ्तार प्रमिला विश्नोई (22) गांव सरनाउ, सांचौर, जिला जालौर की रहने वाली है। दूसरी कुमारी अनन्या चौधरी उर्फ झुम्मी (19) निवासी गांव लुणियासर तहसील सांचौर जिला जालौर की है। ये दोनों जयपुर में बनीपार्क में कांतिचंद रोड पर किसान बालिका शिक्षण संस्थान (किसान गर्ल्स हॉस्टल) में ठहरी हुई थीं। दोनों युवतियां भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं।खुलासा हुआ है कि प्रमिला की जगह परीक्षा देने के लिए अनन्या उर्फ झुम्मी परीक्षा में बैठने वाली थी।

पूछताछ में सामने आया कि प्रमिला विश्नोई ने परीक्षा का फॉर्म भरते समय अनन्या चौधरी उर्फ झुम्मी का फोटो चिपकाया था। इस वजह से जारी हुए एडमिशन लेटर में भी असली अभ्यर्थी प्रमिला की फोटो की जगह अनन्या उर्फ झुम्मी की फोटो ही लगी हुई आई। इसके लिए 10 लाख रुपए देना तय हुआ था। आरोपी युवतियों ने फर्जी अभ्यर्थी की फोटो लगाकर आधार कार्ड भी तैयार करवाया था। पुलिस का मानना है कि इन दोनों के पीछे कोई और गैंग शामिल है। उनका पता लगाया जा रहा है।

महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ

डूंगरपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष भंवर लाल बुगारीया एवं सचिव अमित सहलोत के निर्देशन में शिवाजी नगर क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल एडवोकेट जितेंद्र सिंह पीठ ने महिलाओं को सशक्त बनाने तथा अपने परिवार की बालिकाओं को अधिक से अधिक शिक्षित बनाने और घरेलू हिंसा भरण पोषण एवं पीड़ित प्रतिकर स्कीम की जानकारी दी। महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जोड़कर अपने पैरों पर खड़े होने तथा स्वाभिमानी जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं को दी जारी कानूनी सुविधाओं का विस्तृत जानकारी दी। इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्थानीय वार्ड पार्षद भावना राव ने महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के बारे में समझाया तथा महिलाओं के बारे में कानूनी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के कन्हैया लाल, निलेश मोदी तथा वार्ड के समाजसेवी बीएल सुथार, गौरी शंकर जोशी, राजू वसीटा, सुरजीत मिश्रा, दीपक पंचाल, अर्चला वशिटा, उषा चौहान, प्रमिला प्रजापत, रमीला प्रजापत सुनीता चुंडावत उपस्थित थे।

दिल्ली में राजस्थान के नेताओं की लॉबिंग

सीएम अशोक गहलोत की ताकत के आगे आलाकमान बेबस

जयपुर। राजस्थान में बदलाव के संकेत मिल रहे है। बताया जा रहा है कि बदलाव का खांका दिल्ली में तैयार है लेकिन सीएम अशोक गहलोत की ताकत के आगे आलाकमान बेबस है। इधर, बदलावों से पहले कांग्रेस में दिल्ली से लेकर जयपुर तक सियासी हलचल तेज हो गई है। दिल्ली में इन बदलावों का खाका तैयार करने को लेकर बैठकों का दौर जारी है। सचिन पायलट कल से दिल्ली दौरे पर हैं। शुक्रवार को पायलट ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मुलाकात की है। सचिन पायलट आज भी कई नेताओं से मिल रहे हैं। इन मुलाकातों को राजस्थान में बदलाव से पहले की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है।राजस्व मंत्री हरीश चौधरी पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में कैंप किए हुए हैं। संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रदेश प्रभारी अजय माकन की राजस्थान को लेकर चर्चा हुई है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस लीडरशिप ने अब राजस्थान में बदलावों के ब्लू प्रिंट को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।राजस्थान में सत्ता संगठन में फेरबदल से पहले दिल्ली में लॉबिंग तेज हो गई है। कई मंत्रियों ने दिल्ली जाकर अपने राजनीतिक आकाओं के जरिए सियासी हवा के रुख की टोह लेना शुरू कर दिया है।

ग्राम विकास अधिकारियों ने किया प्रदर्शन

डूंगरपुर। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेशव्यापी आव्हान पर डूंगरपुर जिले में भी ग्राम विकास अधिकारियों ने अपनी लंबित 11 सूत्रीय मांगो को लेकर आज जिला कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया गया। वही सरकार से मांगो को पूरी करने की मांग की। ग्राम विकास अधिकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष निलेश जोशी के नेतृत्व में जिले के ग्राम विकास अधिकारी आज कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए और अपनी मांगो को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष निलेश जोशी ने बताया की ग्राम विकास अधिकारी वेतन विसंगतियों को दूर करने, पदोन्नति, भत्तो, स्थानान्तरण नीति बनाने सहित अन्य मांगो को लेकर मांग कर रहे है लेकिन सरकार की ओर से कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी संघ ने सरकार से लंबित 11 सूत्रीय मांगो को जल्द पूरा करने की मांग की है।

कार से 15 कार्टन शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

डूंगरपुर। जिले की पुलिस की स्पेशल टीम ने कोतवाली थाना क्षेत्र में शहर के सिंटेक्स चौराहे पर नाकेबंदी के दौरान शराब से भरी एक कार को जब्त किया है। कार से डीएसटी ने 15 कार्टन शराब बरामद करते हुए चालक को गिरफ्तार किया है। डीएसटी के प्रभारी दिलीपदान ने बताया की मुखबिर के जरिये शराब तस्करी की सुचना मिली थी जिस पर डीएसटी ने शहर के सिंटेक्स चौराहे पर नाकेबंदी की इस दौरान मुखबिर के अनुसार बताई कार को रोककर तलाशी ली गई तो कार में शराब भरी हुई थी। कार से डीएसटी ने 15 कार्टन शराब बरामद की वही चालक ईश्वरसिंह पिता किशोर सिंह राजपूत निवासी टोकर थाना कल्याणपुर जिला उदयपुर को हिरासत में लिया। कार्रवाई के बाद डीएसटी ने कार, शराब व चालक को कोतवाली थाना पुलिस के सुपुर्द किया। इधर कोतवाली थाना पुलिस ने आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। प्राथमिक पूछताछ में शराब को उदयपुर से गुजरात ले जाना बताया है।

केंद्र सरकार किसानो की मांगो पर तानाशाही कर रही है

डूंगरपुर। जिले की किसान संघर्ष समिति की ओर से आज पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया है। शहर के नवा महादेव मंदिर के भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारी व कोमरेड देवीलाल कटारा व एसएफआई जिला अध्यक्ष फाल्गुन भराडा ने कृषि कानूनों के मुद्दों पर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा की केंद्र सरकार किसानो की मांगो पर तानाशाही कर रही है और किसानो को दबाया जा रहा है।

स्मृति मंच पंडित जी की 105 वीं जन्मजयंती पर किए सेवा कार्य

डूंगरपुर। स्मृति मंच डूंगरपुर ने संरक्षक गुरुप्रसाद पटेल के सानिध्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 105 वीं जन्मजयंती पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया मंच अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया। मंच के सरक्षक गुरुप्रसाद पटेल ने पंडित जी के जीवन पर अपने विचार प्रस्तुत किए। महिलामंच की अध्यक्ष माया सुथार ने पंडित जी का जीवन परिचय दिया। प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश श्रीमाल ने भी संबोधित किया। मंच की प्रदेश पदाधिकारी कुसुमलता दोषी,जिला पदाधिकारी भोपाल सिंह, आदर्श द्विवेदी,स्वाति पारिख, हार्दिक जैन, कश्मीरा जैन, चंद्रलेखा कलासुआ, रीटा कुंवर, नीलम श्रीमाल, पिंकी अग्रवाल, हर्षा कंसारा, अनिता सुथार, वनिता जोशी, अनिल सुथार, अशोक कालरा, रमेश वरियानी,सरजीत मिश्रा, दीपक पंचाल, बसन्त कुमार सुथार ने कच्ची बस्ती मे बिस्केट व फल वितरित किये। गेपसागर में मछलियों को दाने डाले। कुसुमलता दोषी ने आभार प्रकट किया।

मां का हुआ था केंसर का ऑपरेशन, एक माह बाद ही आईएएस मैन्स का एग्जाम, बीमार मां ने पति से कहां, बेटे के साथ जाओ, बेटे ने सपना किया साकार

हेमंत कलाल ने आईएएस में 371 वी रैंक हासिल कर डूंगरपुर ही नहीं अपने गांव दामडी का नाम भी रोशन किया

डूंगरपुर। आदिवासी बहुल डूंगरपुर जिले के होनहार हेमंत कलाल ने आईएएस में 371 वी रैंक हासिल कर डूंगरपुर ही नहीं अपने गांव दामडी का नाम भी रोशन किया है। हेमंत का आईएएस में सलेक्शन होते ही पूरे गांव में खुशी का माहौल है और बधाई देने वालो का भी तांता लगा हुआ है। हेमंत की इस सफलता के पीछे कड़ी मशक्कत को मॉ का सपना छुपा हुआ है, जिसे अब बेटे ने साकार कर दिया है। आईएएस में ऑल इंडिया 371वी रैंक हासिल करने वाले हेमंत कलाल बताते है कि आईएएस बनने का सपना 2013 में ही देख लिया था। बीटेक फाइनल ईयर की पढ़ाई करते हुए स्वामी विवेकानंद की किताब पढ़ने के दौरान प्रेरणा मिली ओर फिर उसी दिन से तैयारी में जुट गया। 2 बार असफल रहने के बाद तीसरी बार आईएएस मैन्स में पास कर लिया। इसके बाद पहले ही इंटरव्यू में सफलता हासिल की। हेमंत कलाल ने बताया कि आईएएस परीक्षा से पहले उनके परिवार को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। 8 जनवरी को आईएएस मैन्स का एग्जाम था, जबकि एक महीने पहले ही 12 दिसंबर 2020 को मॉ सीता देवी के कैंसर का ऑपरेशन करना पड़ा। करीब 15 दिनों तक मॉ भर्ती रही, पिता मोहनलाल कलाल मॉ के साथ अस्पताल में रहे। इसके बाद भी हर 20 दिन में मॉ की कीमोथैरेपी की भागदौड़ होती रही। मॉ के ऑपरेशन के बावजूद मॉ के सपने को साकार करने वह खुद जयपुर में स्वामीनारायण मंदिर ट्रस्ट में रहकर तैयारी करता रहा। हेमंत बताते है की परीक्षा से चार दिन पहले बीमार होते हुए भी मॉ ने मेरी पढ़ाई खराब नहीं हो इसलिए पिता मोहनलाल को जयपुर मेरे पास भेज दिया। पिता ने परीक्षा के दिनों में पूरी मदद की। आईएएस में सफलता के बाद अब गांव में खुशियों का माहौल है।

आरएएस 206 रैंक आई, यूपी आबकारी निरीक्षक में भी चयन

हेमंत बताते है कि 11 सितंबर 2020 को यूपी आबकारी निरीक्षक की परीक्षा दी और उसमें भी चयन हो गया। 22 जुलाई 2021 को सलेक्शन लेटर भी आ गया, लेकिन इससे पहले 13 जुलाई को आरएएस का रिजल्ट आ गया, जिसमें ऑल राजस्थान 206 रैंक आई। इस कारण यूपी आबकारी निरीक्षक की पोस्ट पर जॉइन नहीं किया।

हेमंत ने निरमा इंस्टिट्यूट अहमदाबाद से बीटेक इंजीनियरिंग भी की है।

पिता राशन डीलर, मॉ गृहिणी, एक बहन टीचर ओर दूसरी मुम्बई में एयर पोर्ट मैनेजर

हेमंत के पिता मोहनलाल कलाल दामड़ी में राशन डीलर है। पहले किराणा की दुकान भी थी, लेकिन उसे बंद करने के बाद राशन डीलर ही करते थे। इसी से पूरा परिवार चलता था। मॉ सीता देवी गृहिणी है। 3 बहनों में का इकलौता भाई हेमन्त सबसे छोटा है। बड़ी बहन निशा की शादी हो चुकी है। दो जुड़वा बहने प्रीति कलाल व प्रियंका कलाल है। प्रियंका की शादी हो गई है और वह सरकारी टीचर है, जबकि प्रीति मुंबई छत्रपति शिवाजी इंटरनेशनल एयर पोर्ट में। सालो से मैनेजर है।

इंटरव्यू में 45 सवाल पूछे, 40 के सही जवाब दिए, 4 के जवाब नहीं दिए, 1 गलत

आईएएस में चयनित हेमंत कलाल ने बताया कि 8 सितम्बर को आईएएस का इंटरव्यू हुआ था। उसमें 45 सवाल पूछे गए थे, जिसमें 40 सवालों के जवाब तो सही दिए, जबकि 4 सवालों के जवाब नहीं आते थे, जिस कारण मना कर दिया। इसके बाद 1 सवाल का जवाब गलत दिया था। उन्होंने बताया कि इंटरव्यू में उनकी हॉबी से जुड़े दर्शन शास्त्र के सवाल ज्यादा पूछे गए, जिसमें धर्म क्या है, भागवत गीता के बारे में कितना जानते जिसे सवाल थे। हॉबी में भागवत गीता पढ़ने का जिक्र होने से कई श्लोक के अर्थ भी पूछे गए। इसके अलावा स्वामी विवेकानंद के जीवनी से जुड़े सवाल भी थे। उन्होंने बताया की इंटरव्यू में डूंगरपुर जिले ओर गांव से जुड़े सवाल भी पूछे, जिसमें गांव में बिजली कितने घंटे आती है, आबादी क्या है, लाइब्रेरी है या नहीं जैसे सवाल थे। इसके अलावा डूंगरपुर जिले की 3 विशेषताये भी पूछी गई, जिसके जवाब में डूंगरपुर की स्वच्छता के साथ आदिवासी संस्कृति और ऑर्गेनिक होली के बारे में बताया।